Seat No. : _______________

AG-116

April-2016

M.A, Sem.-IV

510 : Hindi
(Vishishta Sahityakar : Muktibodh)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

सूचना : (1) किसी भी प्रश्न के सभी उपखंडों को पूरा लिखने के बाद ही दूसरा प्रश्न लिखिए ।

(2) प्रत्येक प्रश्न के (क) विभाग का उत्तर **500** से **600** शब्दों में तथा (ख) विभाग का उत्तर **100** शब्दों में लिखिए ।

1. (क) मुक्तिबोध के साहित्यिक जीवन की शुरुआत किस प्रकार की राजनीतिक तथा साहित्यिक पृष्ठभूमि में हुई ? बताइए । **10**

अथवा

मुक्तिबोध के संघर्षरत जीवन का लेखा-जोखा प्रस्तुत कीजिए ।

(ख) मध्यप्रदेश की राजनीति और मुक्तिबोध **4**

अथवा

मुक्तिबोध के किन्हीं दो काव्य-संग्रहों का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

2. (क) प्रयोगवाद और नयी कविता आंदोलन की पृष्ठभूमि में मुक्तिबोध की कविताओं का मूल्यांकन कीजिए । **10**

अथवा

मुक्तिबोध की काव्य-यात्रा की विस्तृत जानकारी दीजिए ।

(ख) मार्क्सवादी विचारधारा और मुक्तिबोध **4**

अथवा

मुक्तिबोध की कविताओं का शिल्प

3. (क) "मुक्तिबोध की सृजनात्मकता का आधार फैंटसी है ।" 'अंधेरे में' कविता के माध्यम से इस कथन की स्पष्टता कीजिए । **10**

अथवा

दिमागी गुहान्धकार का 'ओरांग उटांग' कविता में व्यक्त कवि के आत्म संघर्ष को अपने शब्दों में लिखिए ।

(ख) 'भूल-गलती' कविता में वर्णित सत्ता की निरंकुशता **4**

अथवा

'मुझे कदम-कदम पर' का केन्द्रीय विचार

4. (क) मुक्तिबोध के निबंध किस रूप में साहित्य की सामाजिक प्रतिबद्धता के पक्षधर हैं ? समझाइए । **10**

अथवा

मुक्तिबोध काव्य को सांस्कृतिक प्रक्रिया किस रूप में मानते हैं ?

(ख) मुक्तिबोध के अनुसार जनता का साहित्य **4**

अथवा

मुक्तिबोध द्वारा दिए गए साहित्य के विविध दृष्टिकोण

5. कथन अनुसार कीजिए ।

(क) निम्नलिखित कथन सही है या गलत बताइए । **5**

(1) मुक्तिबोध की मातृभाषा मराठी थी ।

(2) 'अंधेरे में' कविता के सृजन में साराभाई मिल की हड़ताल की घटना का प्रभाव था ।

(3) मुक्तिबोध रचनावली के संपादक का नाम रामविलास शर्मा है ।

(4) मुक्तिबोध का अंतिम समय राजनाँदगाँव में बीता ।

(5) मुक्तिबोध का मंतव्य है कि जनता का साहित्य जनता की बुद्धि तथा हृदय की भूख प्यास का चित्रण करे ।

(ख) योग्य विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **5**

(1) 'अंधेरे में' कविता के प्रारंभ में भीत का पलस्तर झड़ने पर बनी आकृति देख कवि को किसके होने का भ्रम होता है ?

(अ) मनु (ब) दुष्यंत

(क) श्रद्धा (ड) कवि स्वयम्

(2) 'एक साहित्यिक की डायरी' का साहित्यिक स्वरूप क्या है ?

(अ) डायरी (ब) आत्मकथा

(क) समीक्षात्मक ग्रंथ (ड) उपन्यास

(3) मुक्तिबोध की किस पुस्तक पर मध्यप्रदेश सरकार ने पाबंदी लगाई थी ?

(अ) नये साहित्य का सौंदर्य शास्त्र (ब) एक साहित्यिक की डायरी

(क) भारत : इतिहास और संस्कृति (ड) काठ का सपना

(4) निम्न में से कौन सा ग्रंथ मुक्तिबोध का कहानी संग्रह है ?

(अ) चाँद का मुँह टेढ़ा है (ब) एक साहित्यिक की डायरी

(क) भारत : इतिहास और संस्कृति (ड) विपात्र

(5) मुक्तिबोध के अनुसार साहित्य का मूल्यांकन निश्चित करते समय किस का ध्यान रखना पड़ता है ?

(अ) सतह (ब) गहराई

(क) परिधि (ड) केन्द्र

(ग) योग्य विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । **4**

(1) सत्य के बहाने
स्वयम् को चाहते हैं प्रस्थापित करना ।
_______ को, तथ्य के बहाने । (अहम्, आत्मा, अस्तित्व)

(2) मुक्तिबोध की कविताएँ सर्वप्रथम _______ में प्रकाशित हुईं । (दूसरा सप्तक, तारसप्तक, तीसरा सप्तक)

(3) मुक्तिबोध सन् 1956 में ________ पत्रिका के रिपोर्टर के रूप में कार्यरत थे । (नया खून, पहल, समकालीन भारतीय साहित्य)

(4) भूल-गलती का नायक _______ है । (सत्ताधीश, शाइर, ईमान)